Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 02-08-2006

Participants : Jha Shri Raghunath

>

Title : Need to complete the pending works sanctioned under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Bettiah Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : उपाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र बेतिया (बिहार) में 13 कार्यों की स्वीकृति दी गई थी जो निम्न है। पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत बेलवतीया से रघुनाथुर-23.55 किलोमीटर, माधोपुर से बगही (एल) पांच किलोमीटर, रामगढ़वा से पीपरपट्टी अधकपरिया-11 किलोमीटर, भेलाड़ी रक्सौल धाड़ामहान ब्रांच कनॉल-2 किलोमीटर। पश्चिमी चम्पारण अन्तर्गत पुजहा-पटजीरवा, संत घाट 12 किलोमीटर, संत घाट से परवनाहा-11.50 किलोमीटर, बैगम्बरपुर से बीन टोली-3.14 किलोमीटर, बेतिया,नौतन, मंगलपुर, टेगराहीघाट-16 किलोमीटर, बेतिया से बैरिया, पटेरवा घाट-12.45 किलोमीटर, गुलाब चौक से सराय-3.54 किलोमीटर, बगही से तुमकदिया-3.38 किलोमीटर, पीपरा, रानी पकड़ी, गनौरी रेलवे गुमती-6.50 किलोमीटर, मांझा, मच्छरगांवा, कनॉल, शिवराजपुर बांध-12.10 किलोमीटर। इस काम को अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है। मैं कहना चाहता हूं कि किन कारणों से उपरोक्त योजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया जबकि उपरोक्त कार्यों की स्वीकृति 9 माह पूर्व भारत सरकार द्वारा दी गई। अगर उपरोक्त कार्यों को यथाशीघ्र नहीं पूरा कराया जाता है तो सम्पूर्ण प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की सफलता निराधार हो जाएगी और साथ ही कार्यों की लागत भी बढ़ेगी। इस उद्देश्य के साथ भारत सरकार ने दिसम्बर 2000 में प्रधानमत्री ग्राम सड़क योजना का शुभारम्भ किया था कि एक हजार से ऊपर आबादी वाले गांवों को सड़क की सुविधा दी जाए। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में आने वाली योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा कराएं जिससे आम जनता को आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सके।